
समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Monday, 21 September 2026

# झांसी सड़क हादसे मे अंतीक अहमद के छोटे बेटे आबान की मौत, भाई से मिलने जा रहा था

Sanket Morankar

Published on 06 Aug 2026



माफिया **अतीक अहमद** के छोटे बेटे **आबान अहमद** की गुरुवार को झांसी में एक दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। वह प्रयागराज से झांसी जेल में बंद अपने बड़े भाई **अली अहमद** से मिलने जा रहा था। हादसे में आबान समेत दो लोगों की जान चली गई, जबकि तीन अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए।

## हाईवे पर डिवाइडर से टकराई कार

पुलिस के अनुसार, यह हादसा झांसी के **पूंछ थाना क्षेत्र** में हाईवे पर हुआ। तेज रफ्तार कार अचानक अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।

सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घायलों को तत्काल अस्पताल पहुंचाया गया।

## भाई से मिलने जा रहा था आबान

जानकारी के मुताबिक, आबान अहमद अपने भाई **अली अहमद** से मिलने झांसी जेल जा रहा था। अली अहमद को **1 अक्टूबर 2025** को नैनी जेल से झांसी जेल स्थानांतरित किया गया था।

## नींद आने की आशंका

प्रारंभिक जांच में आशंका जताई जा रही है कि सुबह के समय वाहन चालक को नींद आने के कारण कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। हालांकि, पुलिस सभी पहलुओं से मामले की जांच कर रही है और दुर्घटना के सही कारणों का पता लगाया जा रहा है।

## जांच मे जुंटी पुलिस

पुलिस ने दुर्घटना का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों का कहना है कि हादसे के कारणों की विस्तृत जांच की जा रही है और घायलों का अस्पताल में उपचार जारी है। हादसे के बाद पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

---

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/Sanket Morankar, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsover.